प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव, चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से किया सम्मानित।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मेरठ में एक जनसभा का करेंगे सम्बोधित।
3. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण क लिये नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था : दूसरे चरण के लिये भरे जा रहे हैं नामांकन पत्र।

और

4. माफिया मुख्तार अंसारी को आज गाज़ीपुर में सुर्पुद–ए–खाक किया गया : मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच के लिये आज बांदा के मंडल कारागार पहुंची जांच टीम।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरणसिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी।

अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

—————————

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद उनके गांव नूरपुर की मडया में किसानों में हर्ष का माहौल है। चौधरी चरण सिंह का जन्म

हापुड़ जनपद के गांव नूरपुर की मड़ैया में हुआ था। गांव के लोगों का कहना है बाइट....

आज चौधरी साहब को भारत रत्न दिया गया है, इसलिये हम काफी खुश हैं और लोग जो हैं खुशियां अपने दिल से मना रहे हैं, कह रहे हैं। यह तो काफी पहले हो जाना चाहिए था लेकिन जो आज हुआ वो भी सही हुआ है और जो भारत रत्न से सम्मानित किया गया है उन्हं तो ये देश के लिये पूरी मिशाल बनेगा कि एक किसान मसीहा को भी भारत रत्न दिया गया है।

——————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मेरठ में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी की यह पहली जनसभा है। इस जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी श्री मोदी ने मेरठ से ही चुनावी शंखनाद किया था।

——————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन था। पहले चरण के लिये 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किये गये थे। भरे गये नामांकन पत्रों की 28 मार्च को जांच की गई, जिसमें 84 नामांकन वैध पाये गये जबकि 71 नामांकन खारिज कर दिये गये। प्रदेश में पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना,

मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

उधर लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन चार अप्रैल तक भरे जा सकेंगे। दूसरे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मेरठ में दो, गाजियाबाद और मथुरा में एक–एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन किया। वहीं अमरोहा में आज 11 नामांकन पत्र खरीदे गये इनमें एक कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के लिये खरीदा गया जबकि दस अन्य नामांकन पत्र निर्दलीय और अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों के लिये खरीदे गये। उधर गौतमबुद्धनगर में प्रत्याशियों द्वारा दस नामांकन पत्र खरीदे गये लेकिन इस सीट से आज कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

दूसरे चरण के लिये भरे जा रहे नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। नाम वापसी के लिये अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। इस चरण में आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलोगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे।

——————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन से संबंधित अनिवार्य सेवाआं में मीडिया प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मतदान दिवस

का कवरेज करने वाले तथा आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि संबंधित चरण एवं निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 05 दिन के अंदर संबंधित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा डाक मतपत्र के लिए फार्म–12डी में आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंच जाना चाहिए। फार्म–12डी के द्वितीय भाग में मीडिया प्रतिनिधियों के संस्थान द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। फार्म–12डी के साथ आयोग द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न कर संबंधित जिले के रिटर्निंग ऑफिसर के यहां जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों का मतदान दिवस के दिन कवरेज पर होना प्रमाणित होने के बाद ही मीडिया प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा फार्म–12डी में आवेदन प्राप्त होने के बाद पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा।

पोस्टल वोटिंग सेंटर सुबह 09 से शाम 05 बजे के बीच 03 दिन के लिए खुलेगा। यह सामान्यतः मतदान दिवस के 03 दिन पहले तक खुलेगा। पोस्टल बैलेट जारी होने के बाद मीडिया प्रतिनिधि केवल पोस्टल बैलेट के माध्यम से ही वोट डाल सकते हैं और किसी भी स्थिति में भौतिक रूप से पोलिंग स्टेशन पर मतदान नहीं कर सकते।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिये चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह को 27 सदस्यीय इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्यों में उत्तर प्रदेश से डॉक्टर राधा मोहनदास अग्रवाल, तारिक मंसूर, स्मृति ईरानी, केशव प्रसाद मौर्य का नाम शामिल हैं।

——————————

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज अमरोहा में स्वीप के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में विभिन्न स्कूल,

कॉलेजों के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालो गई। रैली में लोगों से मतदान करने की अपील की गई। हरदोई में जिलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिला कर्मचारियों की टोली ने जिले में विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। गोरखपुर में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुये। मेरठ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के छात्रों ने प्रतिभाग करते हुए दीवारों पर पेंटिंग बनाकर मतदान अवश्य करने की अपील की।

——————————

वाराणसी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम का नम्बर है 1950 कांट्रोल रूम का प्रभारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव को बनाया गया है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि इस कंट्रोल रूम से कोई भी मतदाता वोटर लिस्ट से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहित के उल्लंघन से संबंधित

मामलों की शिकायत भी इस कंट्रोल रूम में दर्ज करायी जा सकती है।

——————————

माफिया मुख्तार अंसारी को आज कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जिले में उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। इससे पहले पैतृक आवास से सुबह जनाजा निकाला गया। जिसमें उनके भाई और गाज़ीपुर से सांसद अफजाल अंसारी समेत परिवार के सदस्यों के साथ, समर्थक शामिल रहे। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। वहीं मुख़्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जाँच के लिए जाँच टीम आज बांदा के मण्डल कारागार पहुंची। अपर मुख्य न्यायाधीश गरिमा सिंह को जाँच अधिकारी बनाया गया है।

——————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद आईपीएल क्रिकेट मैच में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शुरू होने जा रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का यह 11वां मैच है। कल रात

बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स को सात विकेट से हरा दिया।

——————————